भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †2456**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

# खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेल केंद्रों की स्थापना

**†2456. श्री कुलदीप इंदौरा:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत राजस्थान के श्रीगंगानगर, भरतपुर, झुंझुनू, जयपुर, नागौर, पाली, बांसवाड़ा और राजसमंद जिलों में खेल केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव लंबे समय से लंबित हैं;

(ख) क्या खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत श्रीगंगानगर जिले में 6.00 करोड़ रुपये की लागत से श्रीविजयनगर में सिंथेटिक फुटबॉल मैदान, 9.50 करोड़ रुपये की लागत से सादुलशहर में एथलेटिक ट्रैक, 5.00 करोड़ रुपये की लागत से बहुउद्देशीय इनडोर हॉल, 19 लाख रुपये की लागत से हैंडबॉल मैदान का नवीनीकरण और 5.75 करोड़ रुपये की लागत से लालगढ़ जाटान में इनडोर हॉल और मैदान के निर्माण के प्रस्ताव लंबित हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इन प्रस्तावों के अनुमोदन में देरी के क्या कारण हैं और उक्त प्रस्तावों के अनुमोदन की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत राजस्थान के प्रत्येक जिले में कम-से-कम एक खेलो इंडिया केन्द्र (केआईसी) स्थापित किया गया है, इस प्रकार स्कीम के प्रति जिला एक केन्द्र स्थापित करने के प्रावधान के अनुसार सभी जिलों-श्रीगंगानगर, भरतपुर, झुंझुनू, जयपुर, नागौर, पाली, बांसवाड़ा तथा राजसमंद को कवर किया गया है

(ख) और (ग) जी, हाँ। खेलो इंडिया स्कीम एक मांग आधारित स्कीम है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार तथा अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है, बशर्ते वे प्रस्ताव पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा स्कीम के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता की शर्तों को पूरा करते हों|

*****